महाराजा बिजलीपासीराजकीयस्नातकोत्तरमहाविद्यालय

काकोरी ट्रेन एक्शन शुभारम्भ समारोह -२०२४

<u>09/08/24</u>

<u>रिपोर्ट</u>

दिनांक–09/8/2024 को महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आशियाना, लखनऊ में ''**काकोरी ट्रेन एक्शन डे'' की 100वीं वर्षगांठ** के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ,लखनऊ, प्रो0 सुधीर कुमार चौहान का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य,प्रो0 सुमन गुप्ता ने पुष्पगुच्छ से किया तथा शहीदों को श्रद्धांजलि के **विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम** के अन्तगर्त शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि, प्रो0 सुधीर कुमार चौहान एवं प्रो0 सुमन गुप्ता ने तिरंगे रंग के गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर काकोरी की ऐतिहासिक घटना की स्मृति में एक ''स्मृति वाटिका'' का भी उद्घाटन विज्ञान संकाय में मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि, प्रो0 सुधीर कुमार चौहान ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्हे ''**काकोरी ट्रेन एक्शन डे**'' की एतिहासिक पृष्ठभूमि के विषय में जानकारी दी तथा उन्हे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से प्रेरणा लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा एक साइकिल एवं पद यात्रा निकाल कर काकोरी के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। महाविद्यालय द्वारा आयोजित साइकिल रैली में एन0एस0एस0, एन0सी0सी0 और रोवर्स रेंजर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। महाविद्यालय में ''**काकोरी ट्रेन एक्शन डे'' की 100वीं वर्षगांठ** पर निम्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया–

1– **<u>संगोष्ठी –</u>** महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा काकोरी घटना के ऐतिहासिक महत्व और इसके नायकों की शहाद पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। अतिथि वक्ता के रूप में डॉ0 सनोबर हैदर ने अपने सम्बोधन में इस घटना के कई अनछुए प्रसंग सभी से साझा किये और छात्र/छात्राओं से क्रांतिकारियों के जीवन से त्याग और बलिदान की प्रेरणा ग्रहण करने को कहा। इस अवसर पर डॉ0 शकुंतला गिरि, डॉ0 सनोबर हैदर ,डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह,डॉ0 देवर्षि कुमार मिश्र सहित छात्र/छात्राओं की पर्याप्त उपस्थिति रही । संगोष्ठी का संचालन डॉ0 राघवेन्द्र मिश्र ने किया।

2– काकोरी घटना पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन कर छात्र/छात्राओं में देश भक्ति की भावना को प्रबल करने का प्रयास किया गया।

3– **<u>निबन्ध और पोस्टर प्रतियोगिता–</u>** इतिहास विभान द्वारा निबन्ध और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्रो ने अपनी रचनात्मकता और ऐतिहासिक ज्ञान को प्रदर्शित किया।

4– इतिहास विभाग द्वारा ऑन लाइन अतिथि व्याख्यान का भी आयोजन किया गया जिसमें हलीम महाविद्यालय कानपुर द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के विषय में पावर पॉइंट माध्यम से एक विस्तृत व्याख्यान दिया गया।

विज्ञान संकाय

आशियाना ,लखनऊ
काकोरी
100

अशफ़ाक उल्ला खान
काकोरी के शहीद

महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
आशियाना, लखनऊ
काकोरी ट्रेन एक्शन
100 वी वर्षगांठ

विज्ञान संकाय

काकोरी ट्रेन

11:36
79%
Train Action Da
Dr.Jagdamba is presenting
Aditya
Dr.Shalini
You
Sandhya
23 others

एक भारत श्रेष्ठ भारत
KAKORI TRAIN ACTION
Kakori Martyrs – 17, 19 Dec. 1927
KAKORI CONSPIRACY
9th AUG 1925